तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
पड़ोसी की पत्नी से बात करना पड़ा महंगा पति ने कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट



## जिले में सर्किट हाउस के लिए डिंगापुर में मिली है जमीन, निर्माण का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएमएफ के मामले में सबसे धनी जिला समझे जाने वाले कोरबा जिले में प्रशासन का अपना स्वयं का सर्किट हाउस नहीं बन सका है। सार्वजनिक उपक्रमों के विश्राम गृह के भरोसे जिला और राज्य बनने के बाद से काम चलाया जा रहा है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग का एकमात्र विश्राम गृह एक सहारा बनता है। सर्किट हाउस के लिए डिंगापुर के समीप 4 एकड़ जमीन आबंटित की गई है पर आगे की कार्यवाही नहीं बढ़ सकी है।

अलग खबर

जिले में बाहर से आने वाले प्रशासनिक और राजनीतिक अतिथियों के लिए जिला प्रशासन के पास कोई सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह नहीं है। उन्हें बालको, सीएसईबी, एनटीपीसी, एसईसीएल के विश्राम गृहों में रुकना पड़ता है। इनके अलावा नगर निगम का अपना पंचवटी विश्राम गृह भी मौजूद है जो अधिकांशतः राजनीतिक नेताओं के लिए ही आरक्षित रहता है। बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए सीएसईबी विश्राम गृह ही ज्यादा उपयोग किया जाता है। शहर व जिला मुख्यालय में ⏭ शेष पेज 3 पर

### सार्वजनिक उपक्रमों के विश्रामगृह के भरोसे चल रहा काम

**खास बातें**

- पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस जिले का सबसे पुराना रेस्ट हाउस
- प्रशासन की बैठक में सर्किट हाउस निर्माण के लिए होती है समीक्षा




### लगातार हो रहा वीआईपी का आगमन

औद्योगिक जिला होने के कारण एवं औद्योगिक इकाईयों के लगातार विस्तार होने से जिले में राज्य और केंद्र स्तर से वीआईपी का दौरा लगातार हो रहा है। जिनमें केंद्रीय मंत्रियों से लेकर केंद्र सरकार के अधिकारी व सचिव स्तर के अधिकारी के अलावा सार्वजनिक उपक्रमों के प्रबंधन के अधिकारियों का भी लगातार आगमन होता रहता है जिससे सार्वजनिक उपक्रमों के विश्राम गृह के कमरे हमेशा भरे रहते हैं। जिससे कई बार राज्य स्तर से आने वाले वीआईपी को जगह नहीं मिल पाती।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी व्यवस्था का किसानों को मिल रहा पूरा लाभ

**कोरबा।** पाली विकासखंड के बम्हनी खुर्द गांव के किसान चंद्रप्रकाश कंवर ने छत्तीसगढ़ शासन की पारदर्शी और त्वरित धान खरीदी व्यवस्था का पूरा लाभ उठाते हुए अपनी खेती से बेहतरीन अनुभव प्राप्त किया। किसान श्री कंवर के पास 13 एकड़ जमीन है, जिस पर उन्होंने इस वर्ष धान की खेती की। सहकारी समिति चैतमा में कुल 161 क्विंटल धान विक्रय किया। उन्होंने कहा कि तुहर टोकन एप के माध्यम से आनलाइन टोकन प्राप्त किया। जिससे उन्हें अनावश्यक समिति के बार बार चक्कर काटने एवं लंबी कतारों में समय गंवाने की जरूरत नहीं पड़ी। किसान चन्द्र प्रकाश ने इस खरीफ सीजन में तीन बार अपना धान विक्रय किया। उन्होंने पहले दो टोकन के माध्यम से 120 क्विंटल और तीसरी बार 41.60 क्विंटल धान बेचा। उन्होंने धान विक्रय की प्रक्रिया में कोई परेशानी नहीं हुई, और उन्हें सरकार द्वारा तय सर्वाधिक समर्थन मूल्य का लाभ मिला।

### कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ आमतौर पर जब भी कोई बड़ा अधिकारी निरीक्षण पर निकलता है, तो माहौल में एक औपचारिक सख्ती होती है। लेकिन कोरबा जिले के ग्राम आमाखोखरा के आंगनबाड़ी केंद्र भांठापारा में नजारा कुछ अलग ही था। यहाँ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पद की गरिमा और बच्चों की मासूमियत के बीच की दूरी को नमस्ते और थैंक्यू जैसे छोटे शब्दों से पाट दिया। जैसे ही कलेक्टर केंद्र के द्वार पर पहुंचे, छोटे-छोटे बच्चे हाथ में गुलदस्ता लिए उनका इंतजार कर रहे थे। अमूमन अजनबियों को देखकर सहम जाने वाले बच्चों की हिचक तब दूर हो गई, जब कलेक्टर ने एक बच्चे की तरह ही उनसे बात की। उन्होंने बच्चों से गुलदस्ता स्वीकार किया और उन्हें नमस्ते, थैंक्यू और जय हो कहकर उत्साह बढ़ाया।

### खेलो इण्डिया ट्राईबल गेम्स का चयन ट्रायल आज से

**कोरबा।** खेलो इण्डिया ट्राइबल गेम्स का प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ राज्य में होना है। आयोजन में राज्य दल की भागीदारी सुनिश्चित करने खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी को बिलासपुर एवं रायपुर में आयोजित किया जायेगा। चयन में एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं तैराकी का चयन ट्रायल स्व.बीआर यादव स्टेडियम, बिलासपुर में 7 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। वैटलिफ्टिंग 6 जनवरी को प्रातः 9 बजे से, कुश्ती 7 जनवरी का प्रातः 9 बजे से, एवं फुटबॉल का चयन ट्रायल 7 व 8 जनवरी को प्रातः 9 बजे से स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में तथा हॉकी का सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में दिनांक-7 एवं 8 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ किया जायेगा।

### प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**मड़वारानी।** ग्राम रीवांपार में रात्रिकालीन प्लास्टिक बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजय कंवर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि की उपस्थिति रही। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम रीवांपार के सरपंच प्रतिनिधि लम्बोदर सिंह कंवर, श्यामसुंदर पटेल उपसरपंच, श्री सिदार सिंह पंच एवं अन्य पंचगण गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे। अतिथियों द्वारा गांव के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर एवं मुख्य अतिथि द्वारा टॉस कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन कंवर के द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने में लकेश्वर, कमलेश, मनीष, छोटा, ऋषभ, वीरेन्द्र, करन, अरुण, महेक, रघुवीर, खूबचंद, प्रताप, आनंद, राहुल, संतोष, दीपक, नरेन्द्र, नेश्वर एवं समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। उद्घाटन मैच उच्चभिट्ठी बनाम सुंदरेली के मध्य खेला गया।

### अक्टूबर महीने में चला था मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान

## शिक्षा के सोशल ऑडिट में 431 स्कूल आए डी ग्रेड के दायरे में, इनमें प्राइमरी स्कूल ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते वर्ष अक्टूबर महीने में चलाए गए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत स्कूलों की कराई गई सोशल आडिट की रिपोर्ट जारी होने के बाद जिले के 431 स्कूल डी ग्रेड में रखे गए हैं। इनमें प्राइमरी स्कूल की संख्या ज्यादा है। अब इन स्कूलों का ग्रेड सुधारने के लिए अधिकारियों की टीम बनाकर अभियान चलाया जाएगा। इसलिए प्राइमरी, मीडिल, हाई और हायर सेकेण्डरी स्तर की प्रश्नावली तैयार की जाएगी।

**खास बात**

- जिले की शिक्षा का स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया रिपोर्ट कार्ड


फाइल फोटो

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सोशल ऑडिट का काम 6 अक्टूबर 2025 में शुरु किया गया था इसके लिए सभी स्कूलों के प्रधानपाठकों को 20 प्रश्नों के प्रश्नपत्र दिए गए थे और उनके परीक्षण के लिए शाला प्रबंधन विकास समिति को जिम्मेदारी दी गई थी जिनके द्वारा स्कूलों में जाकर प्रश्नावली के आधार पर बच्चों में पढ़ाई का स्तर पता करने के लिए सवाल जवाब किया गया और इसके साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्कूल के शिक्षकों से भी शिक्षा के स्तर को लेकर शिक्षा विभाग के द्वारा तैयार किया गया 20 प्रश्नों के प्रश्नावली पर ही सवाल किए गए। उक्त दोनों रिपोर्ट विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिक्षा विभाग को भेजी गई और वहां से लोक शिक्षण संचालक को शिक्षा विभाग के द्वारा रिपोर्ट प्रेषित किए गए। 3 माह बाद लोक शिक्षण संचालक के द्वारा सोशल ऑडिट की रिपोर्ट जारी की गई और उस रिपोर्ट में जिले के 2020 स्कूलों में 431 स्कूल ऐसे आए हैं जहां के छात्रों के शिक्षा का स्तर निचले पायदान पर है। उक्त रिपोर्ट आने के बाद अब इन स्कूलों को अपग्रेड करने के लिए अधिकारियों की टीम बनाकर स्कूलों में भेजा जाएगा।

### सोशल ऑडिट में यह देखा गया

सोशल ऑडिट के दौरान स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूलों में मौजूद आधारभूत सुविधाएं, खेल गतिविधियां इन सब बिंदुओं पर स्कूलों का मूल्यांकन किया गया। सोशल ऑडिट के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं शाला विकास प्रबंधन समिति के द्वारा स्कूलों की स्थिति की भी रिपोर्ट शासन स्तर पर भेजी गई है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर ऐसे स्कूलों की स्थिति को सुधारा जाएगा।

### डी ग्रेड वाले स्कूलों की संख्या

| स्कूल | संख्या |
|---|---|
| प्राथमिक शाला | 275 |
| माध्यमिक शाला | 126 |
| हाईस्कूल | 20 |
| हायर सेकेण्डरी | 10 |

### किया जाएगा अपग्रेड

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत 431 स्कूलों को डी ग्रेड मिला है। इन स्कूलों का स्तर सुधारने के लिए उन्हें अपग्रेड करने हेतु अधिकारियों की टीम बनाकर स्कूलों में भेजा जाएगा।
-टीपी उपाध्याय, डीईओ

## तीन मौतों की जिम्मेदार संतोषी को 5 वर्ष की सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम भाठापारा कुकरीचोली में करीब डेढ़ साल पूर्व हुई दो हत्या और खुदकुशी के मामले में न्यायालय ने मौतों की जिम्मेदार आरोपिया को 5 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

**खास बात**

- ग्राम भाठापारा कुकरीचोली का मामला

निर्णित मामले के अनुसार घटना 12 मई 2024 को रात्रि 8:30 बजे सूचक श्रीराम रजक ने थाना उरगा में इस आशय की सूचना दी कि उसकी भतीजी जयशिका और बहु सुजाता कमरे मे सोई थी और दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा को तोड़कर देखा तो भाई जयराम खून से लथपथ पड़ा था, बहू और भतीजी अचेत अवस्था में पड़े थे। उक्त सूचना को दर्ज करने के पश्चात पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की। विवेचक द्वारा यह पाया गया है कि मृतक जयराम रजक द्वारा आरोपिया संतोषी जगत के मकान का निर्माण किया जा रहा था तथा निर्माण की बकाया राशि 1 लाख 88 हजार 100 रुपये आरोपिया द्वारा मृतक जयराम रजक को नहीं दिये जाने के कारण वह परेशान होकर पहले अपनी पत्नी सुजाता रजक और पुत्री जयशिका रजक की हत्या की, उसके पश्चात स्वयं ही आत्महत्या कर ली और इसके कारणों को लेबर पेंमेंट के रजिस्टर में सुसाइड नोट के रूप में अंकित किया। शासन की तरफ से लोक अभियोजक राजेन्द्र साहू ने पक्ष रखा। सत्र न्यायाधीश एस शर्मा ने पारित आदेश में कहा कि मृतक जयराम द्वारा आत्महत्या किया जाना तथा अपनी पत्नि और पुत्री को भी समाप्त कर देना, अपराध के घनत्व और गंभीरता को और भी बढ़ा देता है। ऐसी स्थिति में दंड का निर्धारण करने में उदारता का दृष्टिकोण अपनाना न्याय के उद्देश्य को विफल करने के समान होगा। विचारोपरांत आरोपिया को धारा 306 भादवि के अपराध में पॉच वर्ष के कारावास तथा 5 हजार रूपये के अर्थदंड से किया गया है। अर्थदंड जमा करने में व्यतिक्रम होने पर आरोपिया को छः माह का अतिरिक्त कारावास भुगताया जाएगा।

## आरक्षक से मारपीट करने वाला विधायक प्रतिनिधि गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी में आरक्षक से मारपीट के मामले में विधायक प्रतिनिधि को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया के प्रतिनिधि जयकिशन पटेल पर आरोप है कि उसने पहले ओमपुर में मंच के पीछे एक ग्रामीण के साथ मारपीट कर जातिगत गाली गलौच दी। पीड़ित ग्रामीण राजेन्द्र जांगड़े ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शराब के नशे में गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। घटना के बाद राजेन्द्र जांगड़े अपने फुफेरे भाई, थाना करतला में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 528 विकास कोसले के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने रजगामार पुलिस चौकी पहुंचा। इसी दौरान जयकिशन पटेल भी चौकी पहुंचा और चौकी के भीतर ही आरक्षक विकास कोसले के साथ गाली-गलौच करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। आरक्षक विकास कोसले की शिकायत पर जयकिशन पटेल के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया। वहीं राजेन्द्र जांगड़े की रिपोर्ट पर इन्हीं धाराओं के साथ एट्रोसिटी एक्ट के तहत भी मामला पंजीबद्ध किया गया। आज़ाक थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जयकिशन पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि, इस मामले में विधायक प्रतिनिधि जयकिशन पटेल ने भी आरक्षक विकास कोसले और राजेन्द्र जांगड़े पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस शिकायत पर भी दोनों के खिलाफ धारा 115(2), 3(5), 351 (3) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**खास बात**

- मारपीट की शिकायत दर्ज करने के दौरान चौकी में हुई थी मारपीट


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## तीन माह से नहीं मिला चावल, दुकान हुई निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला विकासखंड के ग्राम पंचायत गिधौरी के ग्रामीणों को बीते तीन माह से पीडीएस का चावल नहीं मिलने का मामला सोमवार को जनदर्शन में पहुंचा। हालांकि दो माह पूर्व से चल रही जांच प्रतिवेदन सामने आने के बाद दुकान को निलंबित करने की कार्यवाही कलेक्टर के निर्देश पर की गई है।

जिले में पीडीएस चावल वितरण को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही है। सोमवार को जनदर्शन के दौरान करतला ब्लाक के ग्राम पंचायत गिधौरी के ग्रामीण बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे हुए थे उनका कहना था कि नवंबर महीने से उन्हें पीडीएस का चावल नहीं मिल रहा है। जबकि पीडीएस दुकान के संचालक जो क्षेत्र के जनपद सदस्य भी हैं उनके द्वारा घर में बुलाकर मशीन में अंगूठा तो लगवा लिया जाता है और चावल के लिए अगले महीने आने की बात कही जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडीएस दुकान गांव से बाहर संचालित है। जिसकी वजह ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- दुकान संचालक घर में हितग्राहियों से लगवा रहे अंगूठा
- स्थानीय जनप्रतिनिधि भी समस्या से बने रहे अंजान


कलेक्टोरेट पहुंचे गिधौरी के ग्रामीण।

### विभागीय जांच में मिली है अनियमितता

ग्राम पंचायत गिधौरी, विकासखंड करतला, जिला कोरबा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान (आई.डी. क्रमांक 552002038), जिसका संचालन चन्द्राकर खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित गिधौरी द्वारा किया जा रहा था, के विरुद्ध गंभीर अनियमितताएँ पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की गई है। वार्षिक सत्यापन वर्ष 2025 के दौरान संचालक संस्था द्वारा पीडीएस संचालन कार्य में उल्लेखनीय अनियमितताएँ सामने आईं। स्टॉक परीक्षण में चावल के स्टॉक में 143.71 क्विंटल तथा नमक के स्टॉक में 13.47 क्विंटल की कमी परिलक्षित हुई, जो पीडीएस खाद्यान्न के व्यपवर्तन और अफरा-तफरी का स्पष्ट संकेत है। इस मामले में पंजीबद्ध प्रकरण पर संचालकों को 22 सितंबर व 14 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, किंतु अध्यक्ष, प्रबंधक तथा विक्रेता द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कोई समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत गिधौरी (आई.डी. क्रमांक 552002038) का संचालन कर रही चन्द्राकर खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित गिधौरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### संभागायुक्त पहुंचे कसनिया, एसआईआर प्रक्रियाओं का लिया जायजा

## युक्तियुक्तकरण के बाद बनाए गए हैं 182 नए मतदान केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चुनाव आयोग के रोल आब्जर्वर एवं संभागायुक्त सुनील जैन जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने पोंड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के सुतर्रा व कसनिया पहुंचकर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में बीएलओ और बीएलए से चर्चा की और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। इसी संबंध में वे जानकारी लेने पहुंचे थे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के पहले चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। कोरबा जिले में पहले 9 लाख 51 हजार 278 मतदाता पंजीकृत थे अब 8 लाख 17 हजार 519 मतदाता बच गए हैं जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में 1081 मतदान केंद्र थे। युक्तियुक्तरण के बाद 182 नए मतदान केंद्र जुड़े हैं। इसी के आधार पर बूथ लेवल अधिकारियों ने गणना पत्रक भरने का काम किया। पुनरीक्षण के बाद विभिन्न श्रेणियों में रखा गया है। जिसमें से 3 लाख 15960 को ए कैटिगरी दी गई है। जिनका नाम 2003 और 2025 में था। 4 लाख 60677 मतदाताओं का नाम 2025 की सूची में था। सी कैटेगरी में 40,882 मतदाता पाए गए हैं, जो मतदाता तो है लेकिन सूची में नाम नहीं मिला। सबसे अधिक 57 हजार के करीब कोरबा विधानसभा से नाम काटे गए हैं। इसका एक बड़ा कारण लोगों का स्थान बदलना है। कॉलोनी क्षेत्र में रहने वाले लोग रिटायर होने के बाद दूसरे स्थान पर चले गए. उसके अलावा मृत मतदाताओं का नाम भी नहीं हटाया गया था। इस वजह से 30 हजार 613 मतदाता मृत पाए गए जिनका नाम काट दिया गया। इनका फॉर्म ही जमा नहीं हुआ। कलेक्टर श्री दूदावत ने बताया कि मतदाता अपने नाम की जांच ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में स्थानीय बूथ लेवल अधिकारी के पास उपलब्ध सूची से, इसीआईनेट मोबाइल एप के माध्यम से या भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।


मतदान केंद्र पहुंचकर जानकारी लेते संभागायुक्त।

## आबकारी एक्ट के तहत एक ही दिन 44 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ही दिन में 44 प्रकरण दर्ज किए हैं। इस दौरान 653.3 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जप्त की गई है, जबकि 43 आरोपियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर यह कार्रवाई की गई। 4 जनवरी को आबकारी अधिनियम के अंतर्गत की गई इस व्यापक कार्रवाई में अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस की इस मुहिम से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है। जिले में अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण, परिवहन या बिक्री की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**खास बात**

- 43 आरोपियों से कुल 653 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

## खबर संक्षेप

### भागते हुए पकड़े गए घूमते नशेड़ी



**बिलासपुर।** नशे में कार में घूमते हुए पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया। मौका मिलते ही दोनों कार से भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर कार सहित दोनों युवकों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। 4 जनवरी की रात कोनी टीआई भावेश शेंडे स्टाफ के साथ क्षेत्र में गश्त कर संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच कर रहे थे। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 10 एडी, 4488 को रोककर पूछताछ की जा रही थी। शराब की गंध आने पर ब्रीद एनालाइजर में फूंक मारने को कहा। इस पर कार सवार दोनों युवक तेज रफ्तार में कार चलाते हुए भागने लगे। पुलिस उक्त कार के पीछे लग गई। काफी प्रयास के बाद आधा किलोमीटर दूर में पीछा कर ओवरटेक करते हुए कार को रोक लिया। कार सवार चालक कपिल माथुर पिता बिरझू राम 38 साल, सुमित माथुर पिता घासीराम माथुर 25 साल तुर्काडीह निवासी को पकड़कर कार सहित थाने लाया गया। जांच करने पर दोनों युवकों के शराब के नशे में होना पाया गया। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो बाइक के बीच भिड़ंत दो लोगों की मौत

**बिलासपुर।** दो बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत होने से दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, सोमवार की शाम 7 बजे कोटा मोड़ के पास आमने सामने दो बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई है। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गई। जहां डाक्टर ने परिक्षण के दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतकों के शव का मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतकों के पहचान कार्रवाई में लगी हुई है।

### महिला से 1 लाख की उठाईगीरी, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मस्तूरी में बैंक से पैसा निकालकर जा रही महिला के कपड़ों में मैला फेंककर 1 लाख 2 हजार रुपए की उठाईगीरी के मामले में पुलिस को सफलता मिल गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसीसीयू टीम ने महासमुंद में दबिश देकर नाबालिग सहित 2 शातिर उठाईगीरों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 20 हजार रुपए जब्त किए गए हैं। 30 दिसंबर को मल्हार अकोला निवासी प्रेम कुमारी पति रतन लाल कुर्रे 46 साल दोपहर 12.15 बजे मस्तूरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से 1 लाख 2 हजार रुपए निकालकर पैसा थैले में रखकर पैदल जा रही थी। मस्तूरी थाना के कुछ दूर में पीछे से बाइक सवार आए और उन्हें साड़ी में मैला लगने की बात कही। इस पर प्रेम कुमारी सड़क किनारे पेड़ में थैला लटकाकर पास के नल में साड़ी साफ करने लगीं। इसी दौरान एक युवक बाइक से उतरकर आया और पैसा सहित थैला उठाकर अपने साथियों के साथ भाग गया। मस्तूरी व एसीसीयू टीम ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो एक युवक महिला को रैकी करते नजर जा रहा था। एसीसीयू प्रभारी हेमंत आदित्य को पहले से जानकारी थी। कपड़ा में मैला लगाकर उठाईगीरी की वारदात महासमुंद व ओडिशा के गिरोह के द्वारा की जाती है। उनके द्वारा उक्त फुटेज को महासमुंद व ओडिशा में भेजकर पहचान कराई गई, जिससे उक्त संदिग्ध युवक की पहचान महासमूंद में रहने वाले शातिर उठाईगीर के रूप में हुई। उसके बाद श्री आदित्य टीम के साथ महासुमंद में कैम्प कर पतासाजी कर भीमखोज खल्लारी महासमुंद निवासी सचिन ध्रुव पिता राजेश ध्रुव 22 साल व एक नाबालिग को पकड़ लिया। दोनों ने महिला से उठाईगीरी करना स्वीकार कर लिया। दोनों के पास से 20 हजार रुपए जब्त किया गया है। शेष रकम जुआ व शराबखोरी में खर्च कर देना बताया जा रहा है।

---

**389 किसान अभी धान बेचने के लिए कतार में** | **बिरकोना उपार्जन केंद्र में दोपहर सिर्फ दो किसान धान बेचते पाए गए**

# बारदाने भरपूर, लेकिन अब किसान ही दूर, औसतन प्रतिदिन 20 किसानों से खरीदना है धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





शनिवार व रविवार लगातार दो दिनों के अवकाश के बाद उपार्जन केंद्रों में सोमवार को धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ अधिक होती है। इसके विपरीत बिरकोना उपार्जन केंद्र में सोमवार की दोपहर केवल दो किसान धान बेचते नजर आए। ऑपरेटर ने केंद्र की प्रतिदिन की लिमिट बढ़ने के कारण पर्याप्त टोकन कटने की बात कही व 21 जनवरी तक टोकन फुल होने की जानकारी दी। कुछ दिनों पूर्व तक जिस बारदाने के लिए मारामारी थी वो इस केंद्र में थोक में डंप नजर आए।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए अब केवल 26 दिन शेष रह गए हैं। इन 26 दिनों में भी अगर शनिवार व रविवार अवकाश को घटा दिया जाए तो 7 दिन और कम हो जाएंगे। ऐसे में धान खरीदी के लिए केवल 19 दिनों का समय ही शेष बच रहा है। जिले में अब तक धान नहीं बेच पाने वाले किसानों से इन्हीं 19 दिनों में ही धान की खरीदी की जानी है। प्रशासन का तो यह दावा है कि टोकन पर्याप्त संख्या में काटे जा रहे हैं, जिनमें छोटे व बड़े दोनों ही किसान शामिल हैं। जबकि उपार्जन केंद्रों में नजर आ रही किसानों की कम संख्या, बारदानों के बंडल व सरकारी आंकड़ों में धान बेचने के लिए शेष किसानों की संख्या से 31 जनवरी तक धान की लक्षित खरीदी हो पाने पर ही संदेह है। शहर से लगे धान खरीदी केंद्र बिरकोना में सोमवार की दोपहर केवल दो किसान धान बेचते नजर आए। यहां कुल 850 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें 461 किसानों ने धान बेच लिया है।

ऑपरेटर के अनुसार पहले यहां की प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 8 सौ क्विंटल की थी, जिसे दिसंबर के अंतिम सप्ताह में बढ़ाकर 14 सौ किया गया है, जिससे छोटे व बड़े सभी किसानों के टोकन आसानी से काटे जा रहे हैं। केंद्र द्वारा 21 जनवरी तक के सारे टोकन काटे जा चुके हैं। इन्होंने उठाव की स्थिति भी काफी अच्छी होने की बात कही।

आज दिनांक तक बिरकोना उपार्जन केंद्र से 19 हजार क्विंटल धान का उठाव हो जाने की बात कही गई है। बैमा-नगोई व सोंठी उपार्जन केंद्र में धान की लिमिट नहीं बढ़ाए जाने के कारण बड़े किसानों को टोकन प्राप्त करने में बड़ी परेशानी हो रही है। किसान सहकारी समितियों में जाकर नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं, जिससे लगातार विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। अधिकारियों द्वारा लिमिट बढ़वाने के संबंध में खाद्य नियंत्रक को आवेदन प्रस्तुत करने को कहा है ताकि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा जा सके।

### ढेरी नहीं लगाई, सीधे अपने बारदानों में पलटी

बिरकोना धान खरीदी केंद्र में किसानों द्वारा लाए गए धान की ढेरी नहीं लगवाई गई। किसानों ने सफेद बोरी में अपना धान ट्रैक्टरों में भरकर लाया था, जिसे बारी-बारी अपने सरकारी बारदानों में पलटी कर लिया गया। बाद में इसकी तौल की गई। नियमानुसार किसानों द्वारा लाए गए धान को पूरी तरह जमीन पर ढेरी लगाकर रखा जाना है, ताकि धान की गुणवत्ता का पता लगाया जा सके। इस दौरान इस बात का भी पता लगाया जाता है कि लाए गए धान में गर्मी वाले धान की मिलावट तो नहीं है।

### प्राप्त हो जाएगा लक्ष्य

जिले के 33 उपार्जन केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यकतानुसार प्रतिदिन की लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया है। निर्धारित समयसीमा में धान खरीदी का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।

-अमृत कुजूर,
खाद्य नियंत्रक

---

**बैराज में दो फीट गैप से बनी थी दुर्घटना की आशंका**

# शिवघाट बैराज में दो महीने बाद केबल डला, जल्द हो सकेगा आवागमन



डाले जा रहे केबल।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिवघाट बैराज पुल के अंतिम छोर पर केबल डालने के लिए छोड़ी गई दो फीट जगह जल्द ही भर ली जाएगी। विद्युत मंडल के द्वारा केबल डालने का काम पूरा किया जा चुका है। ऐसे में अब इस गैप को भरने में कोई दिक्कत नहीं होगी। शिवघाट से कुदुदंड-मंगला की ओर जाने वालों को अब आसानी होगी।

सिंचाई विभाग के खारंग डिवीजन के द्वारा अरपा नदी पर सरकंडा शिवघाट पर बैराज बनाया गया गया है। हालांकि अभी यह पूर्ण रूप से तैयार नहीं हुआ है, लेकिन आवागमन के लायक तैयार है। उक्त बैराज पुल के अंतिम छोर पर केबल डालने के लिए छोड़ा गया दो फीट गैप अब जल्द ही भरा जा सकेगा। विद्युत मंडल के द्वारा गैप में केबल डालने का काम पूरा कर लिया गया है। चूंकि शिवघाट सरकंडा से बैराज के रास्ते कुदुदंड व मंगला की ओर जाने के लिए यह बेहद शार्टकट रास्ता है, जिससे लोग गैप नहीं भरे जाने की स्थिति में भी पटिया रखकर आवागमन कर रहे हैं। विभाग के अनुसार गैप को भरने में कोई दिक्कत नहीं है, जल्द ही इसे आवागमन के लायक तैयार कर लिया जाएगा।

### अरपा नदी में अब भी प्रवाह जारी

बारिश को समाप्त हुए चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन अरपा नदी में अब भी प्रवाह देखा जा रहा है। शिवघाट बैराज के गेट बंद करने की स्थिति में अरपा में अब भी लबालब पानी जमा हो सकता है। विभाग द्वारा बराज के आसपास बेजा कब्जा कर रह रहे करीब 40 लोगों को कोनी शिफ्ट किया जाना है। इनके घरों में बराज का पानी प्रवेश करने के कारण ही बराज के गेट फिलहाल बंद नहीं किए जा सके थे।

### जल्द पूरा होगा काम

विद्युत मंडल द्वारा गैप पर केबल डालने का काम पूरा किया जा चुका है, जिससे बैराज पुल का यह गैप अब जल्द ही पैक कर लिया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो।

**- पीएन श्रीवास्तव,**
एसडीओ
खारंग डिवीजन

---

**एयरगन से फायरिंग का मामला**

# आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





आरोपी।

- वीडियो वायरल के बाद हरकत में आया एटीआर प्रबंधन

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में प्रवेश करने के बाद एयरगन से फायरिंग कर वन्यप्राणियों को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों की गिरफ्तार कर प्रबंधन ने न्यायालय में पेश किया था। तीनों आरोपियों ने कोर्ट में जमानत याचिका लगाया था, जिसे न्यायालय ने खारिज करते हुए उनकी सजा को यथावत रखने का आर्डर जारी किया है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व में होने वाली घटना 27 दिसम्बर 2026 की है। 27 दिसम्बर को भी शिवतराई बेरियर की ओर सैलानियों की भीड़ थी। वहीं दूसरी ओर यानि जाकड़बांध से इनोवा गाड़ी में चार युवक सीधे एटीआर के कोर जोन सुरही वन परिक्षेत्र में प्रवेश कर गए। इन चारों ने सुरही वन परिक्षेत्र में जाकर आग जलाया, जिसके बाद अपने पास रखे एयरगन और अन्य हथियार को लहराते हुए बिना किसी डर के अंधाधुंध फायरिंग करना शुरु कर दिया। गाड़ी को अंदर ले जाने से लेकर फायरिग व आग जलाने की रील बनाकर चारों युवकों ने सोशल मीडिया में वायरल भी कर दिया था। सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद प्रबंधन ने पुलिस के सहयोग से अजीत वैष्णव, अनिकेत और विक्रांत वैष्णव को पकड़कर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत अपराध दर्ज कर 14 दिन के रिमांड पर जेल भेज दिया। सोमवार को तीनों आरोपियों ने न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन लगाया था, जिसे न्यायालय ने खारिज करते हुए उनकी सजा को यथावत रखने का आदेश पारित कर दिया।

### फरार नाबालिग है या नहीं, यह स्पष्ट नहीं

अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में फायरिंग करने वाले चार युवकों में से तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। तीनों आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था, जिसके हाथ में एयरगन रखी हुई थी। उसने तीनों आरोपियों के साथ मिलकर सुरही वन परिक्षेत्र में आग भी जलाया था। विभागीय अधिकारी भी फरार युवक के नाबालिक होने की पुष्टि नहीं कर पा रहे हैं।

### केवल तीन की सूचना

एटीआर कोर जोन में फायरिंग की जानकारी मिलते ही बिलासपुर से रायपुर मुख्यालय तक अफसरों के बीच हड़कंप मच गई थी। युवकों का बनाया वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे प्रदेश के साथ एनटीसीए के अफसरो ने भी देख लिया है। इसकी जांच डिप्टी डायरेक्टर से लेकर नीचे के अधिकारी कर रहे हैं। अब तक केवल तीन आरोपी को पकड़ गया है, जिसकी सूचना डायरेक्टर अभिषेक सिंह को भी दी गई है।

### सर्च वारंट जारी


तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया था, जिन्होंने जमानत याचिका लगाई थी। कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। वहीं एक फरार आरोपी भी है, जिसके नाबालिक होने या बालिग होने की जानकारी अप्राप्त है। आधारकार्ड व अन्य दस्तावेज के जरिए ही कोई पुष्टि हो सकती है। फरार हुए युवक के खिलाफ सर्च वारंट जारी कर दिया गया है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**-पल्लव नायक,** रेंजर, एटीआर

---

# नशे के सौदागर को 15 साल कैद, डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोर्ट ने नशे के सौदागर को 15 साल कैद व 1.50 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

11 अगस्त 2023 को मुखबिर की सूचना पर तत्कालीन सिविल लाइन थाना के एसआई अवधेश सिंह जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी आकास कुर्रे पिता छन्नू कुर्रे 23 साल बस्ती में कबाड़ी दुकान के पास अवैध रूप से नशीले इजेक्शन की बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर आकाश कुर्रे को पकड़कर नशीला इंजेक्शन बरामद किया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट किरण त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोप सिद्ध होने पर आरोपी आकाश कुर्रे एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत 15 साल कठोर कारावास व 1.50 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। एसएसपी रजनेश सिंह के द्वारा उत्कृष्ट विवेचना करने पर एसआई श्री सिंह को पुरस्कृत किया गया है।

### पूजा स्थल में झंडा फहराने से भड़का आक्रोश, जुर्म दज

**बिलासपुर।** एक समाज के पूजा स्थल में भगवा झंडा लगाने से जन आक्रोश भड़क गया। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, ग्राम मानिकचौरी के एक समाज के पूजा स्थल पर भगवा झंडा लगा दिया था। सोमवार की सुबह पूजा स्थल पर भगवा झंडा देकर बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हो गए। पूजा स्थल पर झंडा लगाने से जन आक्रोश भड़क गया और बड़ी संख्या में समाज के लोग थाने पहुंचकर आपत्ती जताते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। पुलिस ने समाज के लोगों की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## चार हाइवा सहित सात वाहन पकड़े गए

**बिलासपुर।** गिट्टी व रेत के अवैध परिवहन के मामलों में खनिज विभाग ने चार हाईवा सहित सात वाहनों की जब्ती की है। पकड़े गए सभी वाहनों के खिलाफ खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

- अवैध परिवहन मामला


खनिज विभाग द्वारा तीन अलग अलग मामलों में सात वाहनों की धरपकड़ की गई है। इसके अंतर्गत जूनापारा तखतपुर में गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन कर रहे चार वाहनों को पकड़ा गया है। इसी तरह लावर खनिज चौकी में अवैध रेत परिवहन के मामले में दो ट्रैक्टर ट्रॉली व अवैध मिट्टी व ईंट का परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्राली जब्त की गई है। सभी मामलों में खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में खनिज विभाग के उपसंचालक किशोर कुमार गोलघाटे ने बताया कि खनिजों के अवैध परिवहन के मामलों में चाहे वे किसी भी किस्म के खनिजों से संबंधित हों, कलेक्टर द्वारा जब्त किए गए वाहनों को पंद्रह दिनों से पहले नहीं छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इसके पीछे अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को एक मैसेज देना है।

### चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

बिलासपुर। विवाद के दौरान बीच बचाव करने गए चार लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर जख्मी करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 3 जनवरी की शाम 7 बजे ग्राम पौंसरा निवासी धरमलाल भार्गव पिता स्व. धनसाय भार्गव घर में थे। इसी दौरान मोहल्ले में संदीप भार्गव व संजय सोनी के बीच विवाद हो रहा था। वह लड़ाई झगड़ा छुड़ाने गए तो संदीप भार्गव ने लाठी से सिर में मारा और अपने भाई अमन भार्गव, अनिकेत भार्गव को बुलाकर गाली गलौज करते हुए अनिकेत ने अपने हाथ रखे लोहे के धारदार हथियार, अमन ने नुकली वस्तु से हमला कर दिया। धरमलाल पर धारदार हथियार से हमला होते देख विरेन्द्र भार्गव, रिषी भागर्व, दीपक भार्गव बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया था। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 2 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया था। टीआई भावेश शेंडे ने पतासाजी कर हमलावर संदीप भार्गव पिता बद्री प्रसाद भार्गव, अमनदीप भार्गव पिता अयोध्या, उसके भाई अनिकेत भार्गव को गिरफ्तार कर लिया है।

# जंगली सूअर का शिकार, 7 फरार आरोपी भेजे गए जेल




- अब तक 11 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर वनमण्डल अंतर्गत जंगली सुअर का शिकार करने, उसके मांस को काटकर विक्रय करने एवं पकाकर खाने के मामले में वन अमले ने प्रारंभ से ही फरार चल रहे 7 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को सोमवार को रामानुजगंज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

आरोपियों ने वनपरिक्षेत्र धमनी अंतर्गत उप परिक्षेत्र सनावल झारा जंगल में 16 दिसम्बर 2025 के दिन फंदा लगाकर जंगली सुअर को पकड़ा था। सुअर को पकड़ने के बाद आरोपियों ने उसके टुकड़े कर मांस का विक्रय करने के साथ ही स्वयं भी पकाकर खाया था। सूचना पर विभाग द्वारा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 50,51,52, 39(2) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वन अमले ने ग्राम त्रिशुली निवासी आरोपी अरूण, सुनील, जितेन्द्र एवं जयफल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। रविवार को फरार आरोपियों को पकड़ने विभाग द्वारा दो टीमों को रवाना किया था। विभाग की टीमों ने प्रारंभ से ही फरार चल रहे आरोपी संतोष, रामकुमार, प्रदीप, सूर्यकांत, दिनेश, देवनाथ एवं ईश्वर को गिरफ्तार कर रामानुज न्यायालय में पेश किया जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मामले में विभाग 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुका है। सभी आरोपी ग्राम त्रिशुली एवं सुंदरपुर के निवासी है।

# चोरी के मामले में पुलिस ने अपचारी सहित 4 को किया गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** नवापारा स्थित किराए के सूने मकान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक अपचारी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद 35 हजार के अलावा चोरी किए गए जेवर के गलाए गए सोना जब्त किया है। अपचारी को बाल सुधार गृह जबकि अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक नवापारा में किराए के मकान में रह रही कटनी अंतर्गत ग्राम बरही निवासी ज्योति गोस्वामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 दिसंबर को वृंदावन गई थी। इसी बीच 2 जनवरी को मकान मालिक ने घर में चोरी होने की सूचना दी। जानकारी लगने पर ज्योति वापस लौटी तो देखा घर के अलमारी में रखे नगदी सहित लगभग 3 लाख से अधिक के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही शिवम रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सूने मकान से नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी करने की बात बताई। साथ ही चोरी के जेवर अपने साथी राजपुत, हैप्पी, विलसन एवं एक अपचारी बालक के साथ मिलकर जोड़ा पीपल समीप ज्वेलर्स संचालक को बेचने की बात बताई। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर सोने चांदी जेवर के गलाए सोना के अलावा नगद 35 हजार रूपए जब्त किया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से अपचारी को बाल सुधार गृह वहीं आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, प्रधान आरक्षक रुस्तम सिंह सोनवानी, आरक्षक रमन मंडल, राहुल सिंह सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने सुरक्षित आवागमन के लिए आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को दिया प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत सोमवार को यातायात पुलिस द्वारा स्टेडियम ग्राउण्ड में नगर के 65 आटो एवं ई-रिक्शा चालकों को सुगम यातायात के लिए सुरक्षा से जुड़े विषयों, आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। यातायात नियमों की जानकारी के पोस्टर वाहनों में लगाए गए। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और यात्रियों व चालकों की सुरक्षा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में यातायात पुलिस द्वारा चालकों को यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि नियमों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि चालक और सफर कर रहे लोग सुरक्षित रहें। तेज गति से वाहन न चलाने, नशे में गाड़ी न चलाए, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन या ईयरफोन का उपयोग न करे एवं वाहन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा चालकों को शपथ दिलाई गई और यात्रियों या सामान को ज्यादा भरकर न चलाने, नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर एएसआई ब्यासदेव राय, प्रधान आरक्षक मुरीस खाखा, आरक्षक प्रेमसागर साहू, बिलोन बड़ा मौजूद रहे।

### गौ आश्रम धाम सलका अधिना में किया गया नव निर्मित शेड का लोकार्पण

**सलका अधिना।** वरिष्ठ नागरिक संघ के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष की ठंड के मौसम में किए जाने वाले गर्म कपड़ों की वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज गौ आश्रम धाम सलका अधिना केवटाली कोटया में आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे को गर्म कपड़े वितरित किए गए। माता के लिए साड़ी तथा बुजुर्गों के लिए कंबल, टोपी सहित अन्य आवश्यक वस्तु शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज, विशिष्ट स्थिति वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि,कलेक्टर एस जयवर्धन, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित चारों ग्राम पंचायत के सरपंच पंच मौजूद थे। इस अवसर पर आश्रम धाम में स्वर्गीय हुकुमचंद अग्रवाल की स्मृति में अग्रवाल परिवार सलका द्वारा तथा स्वर्गीय रामनिवास अग्रवाल की स्मृति में राहुल ट्रेडर्स द्वारा निर्मित सेड का लोकार्पण अतिथियों ने किया। इसके अलावा अंबिकापुर के जगविंदर बंसल द्वारा गौ आश्रम धाम में एक और सेट निर्माण हेतु 1 लाख 11 हजार की सहयोग राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान गांव आश्रम धाम की टीम द्वारा कुछ मूलभूत आवश्यकताओं की मांग रखा जिस पर सकारात्मक विचार करते हुए वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पर और जिला कलेक्टर द्वारा हाई मार्क्स लाइट, एक सुलभ शौचालय तथा सोलर सिस्टम युक्त ट्यूबवेल व पानी टंकी की प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्रामीण ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम बगडोल निवासी हीरालाल आ. स्व. जगेश्वर (50 वर्ष) 3 जनवरी को बेटी के साथ में घर में था जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए थे। दोपहर को भोजन करने के पश्चात अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। पिता की तबीयत बिगड़ने पर बेटी सीमा पूछताछ की तो पिता ने कीटनाशक पी लेने की बात बताई। कीटनाशक पीने की जानकारी लगने पर सीमा ने घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन ग्रामीण को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई।

### रिश्तेदार की हत्या करने के मामले में आरोपी सगे भाई गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** लटोरी चौकी क्षेत्र के द्वारिका नगर में शनिवार को छेरता पर्व के दौरान हुए मामूली विवाद के बाद 24 वर्षीय युवक की लाठी-डंडों से पीट कर हत्या कर देने वारदात में शामिल आरोपित दोनों सगे भाई टेम साय पैकरा 25 वर्ष एवं गेंद बिहारी 20 वर्ष पिता ठाकुर सिंह पैकरा निवासी द्वारिका नगर चौकी लटोरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज सोमवार को न्यायालय पेश कर दिया है,न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल दाखिल कराया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारिका नगर निवासी रामलल्लू अगरिया (24 वर्ष) ने चार वर्ष पूर्व गांव के ही ठाकुर राम पैकरा की बेटी टिकेश्वरी से प्रेम विवाह किया था,प्रेम विवाह के बाद दोनों पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे,शनिवार को छेरता पर्व के अवसर पर रामलल्लू का साला गेंदबिहारी दोनों रामलल्लू के घर में साथ खाना-पीना खाए,इसी दौरान गेंदबिहारी को घर में देखकर रामलल्लू का छोटा भाई अनिल नाराज हो गया और कहा कि इतने दिनों से तुम लोग हमारे घर नहीं आए,आज क्यों आए हो,इस बात पर गेंदबिहारी भड़क गया और धमकी देते हुए वहां से चला गया,पुलिस के अनुसार कुछ देर बाद गेंद बिहारी अपने भाई टेमसाय को लेकर वापस रामलल्लू के घर पहुंचा,इसके बाद दोनों भाइयों ने लाठी-डंडों से रामलल्लू और अनिल दोनों की जमकर पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए,घटना में गंभीर रूप से घायल रामलल्लू और अनिल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी ले जाया गया,जहां अनिल की हालत सामान्य बताई गई।

# दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाले समाजसेवी, शिक्षक हुए सम्मानित

## सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

**खास बात**

- सक्षम समृद्धि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल का जिला अधिवेशन में भाग लिए समाजसेवी व दिव्यांग



सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी में सक्षम समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसन्धान मंडल जिला इकाई कोरबा का जिला अधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमे जिले भर के समाज सेवी और दिव्यांगजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रांत सह सचिव एवं कोरबा जिला प्रभारी अंजली छावड़ा, जिला संरक्षक डॉ वीणा अग्रवाल, जिला अध्यक्ष ज्योति श्रीवास, पाली ब्लॉक संयोजक निर्मला शर्मा द्वारा सूरदास एवं अष्टावक्र के चित्र पर पूजा अर्चना से किया गया।

अधिवेशन के पहले सत्र में अंजली चावड़ा द्वारा सक्षम के उद्देश्य सिद्धांत, कार्य पद्धति, दिव्यांगता के सभी 21 प्रकारों की जानकारी, सक्षम के आयाम एवं प्रकल्पों के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमे पश्चात डॉ के के सोनी द्वारा रक्तवीकार के सम्बन्धित जानकारी और उससे होने वाले दिव्यांगता के प्रमुख समस्याओं सिकलसेल, हिमाफीलिया, थैलीसेमिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। जिसमें रक्तदान के बारे में भी जागरूक करते हुए रक्तदान के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सम्मिलित राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक मुकुंद उपाध्याय द्वारा अपने कार्य, एक शिक्षक से राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक तक सफर के बारे में जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता शरीर से कम मन से मानने से ज्यादा नुकसान करती है। दिव्यांग भाइयो को कभी भी कम से खुद को कमजोर नही होने देना है। आपका कार्य आपका संघर्ष आपका समाह में पहचान बनाता है। द्वितीय सत्र में स्पर्श क्लिनिक जिला चिकित्सालय प्रभारी संजय तिवारी द्वारा मनोरोग के बारे में जानकारी प्रदान की गयी साथ ही बताया गया कि एक मनोरोगी और मंदबुद्धि व्यक्ति को समाज में किन किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनके परिजनों और घर वालो को किन किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। जिसके पश्चात सक्षम जिला संरक्षक डॉ वीणा अग्रवाल जी द्वारा नेत्र सम्बंधित समस्याओ कि जानकारी प्रदान किया गया। उन्होंने पूर्ण दृष्टि, आंशिक दृस्टि विकलांगता के बारे में बताते हुए उसके कारण उपाय और सावधानी के बारे में अभी को अवगत करवा। कार्यक्रम में आये हुए विशेष दिव्यांग बच्चों के शिक्षिकाओं श्रीमती मीनाक्षी रत्नपाखी, सुधा शर्मा, ममता नायडू, अरुणा शर्मा जी द्वारा अपने अनुभव के साथ दिब्यांग विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, वहा के शिक्षा पद्धति आदि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए राष्ट्रीय दिव्यांग रगबी टीम के खिलाडी ओम्कारेश्वर सोनवानी, राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के खिलाडी दिलबाग सिंग द्वारा अपने खेल यात्रा और दिव्यांगों के टीम आदि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। इस दौरान ओम्कारेश्वर सोनवानी, मंगल जगत, रिखी राम श्रीवास, दिनेश शर्मा, महेश राठौर, गोपेश्वर सर्राफ, चिराग शर्मा, दिव्यांग बच्चों के शिक्षक मिनाक्षी रत्नपाखी, सुधा शर्मा, ममता नायडू, अरुणा शर्मा, ज्ञान दास महंत, जगदीश श्रीवास, संतोष कर्ष, संजय कुमार तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## अभाका महासभा का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

# समाजिक एकता के साथ सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना अनिवार्य : रमाशंकर



अधिवेशन में उपस्थित चित्रांशजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 छत्तीसगढ़ इकाई का प्रांतीय अधिवेशन 4 जनवरी को तिलक भवन प्रेस क्लब कोरबा

**खास बात**

- कोरबा जिला इकाई पुरुष महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का किया गया मनोनयन

में आयोजित किया गया। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रांत के अलग अलग जिलों से कायस्थ समाज के सदस्य एवं महासभा के पदाधिकारी सम्मिलत हुए। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रमाशंकर श्रीवास्तव ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोकर रखना अनिवार्य है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्तियों से आह्वान किया कि वे हमारी परंपराओं को सहेजने के साथ साथ भावी पीढ़ी को भी समाज की संस्कृति से अवगत कराएं एवं जोड़ते रहें। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आयोजन की सफलता के लिए चित्रांशजनों को बधाई दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव ने समाज की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के समय में सामाजिक संगठनों की महत्ता व्यापक स्तर पर बढ़ गई है इसलिए कायस्थ समाज को भी ब्लॉक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होकर रहना होगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 का मुख्य उद्देश्य पूरे राष्ट्र के कायस्थों को एक मंच के नीचे लाना है। कायस्थ समाज कोरबा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, डी के कुदेशिया, महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव, महासभा के विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव ने भी समाजिक संगठन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कायस्थजनों से एकजुट रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन महासभा के प्रांतीय महासचिव राकेश श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने संगठन के आगामी लक्ष्यों और गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला इकाई (पुरुष एवं महिला प्रकोष्ठ) का भी गठन किया गया। पुरुष इकाई में मिथिलेश वर्मा को जिला अध्यक्ष, भारत प्रसाद को कार्यकारी जिला अध्यक्ष, राजेश सक्सेना, मनोज वर्मा, अमित श्रीवास्तव, रौशन वर्मा, शैलेष श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, राजेश श्रीवास्तव को सचिव, रंजीत सिन्हा को कोषाध्यक्ष, विशाल सक्सेना को उपसचिव तथा विकास श्रीवास्तव, अंकित वर्मा, राजकुमार वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, रवि मैजरवार, कपिल खरे, राजेश वर्मा, संजय वर्मा, रमेश श्रीवास्तव को कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया। इसी तरह महिला प्रकोष्ठ में श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव अध्यक्ष, श्रीमती आरती श्रीवास्तव कार्यकारी अध्यक्ष, हेमलता श्रीवास्तव, आभा प्रसाद, अनिता श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव एवं अर्चना वर्मा को उपाध्यक्ष, ममता श्रीवास्तव सचिव, सीमा श्रीवास्तव, श्रृंखला श्रीवास्तव, रीनी श्रीवास्तव को उपसचिव मनोनित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त जी के तैल्यचित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के करकमलों से किया गया। कार्यक्रम के अंत में कोरबा जिला इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष भारत प्रसाद ने समस्त उपस्थित अतिथियों सहित समस्त चित्रांशजनों का आभार प्रदर्शन किया।

# धान विक्रय में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करें सुनिश्चित, किसानों को दिलाएं राहतः कुणाल



समस्या सुनते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ साथ दूरस्थ पहाड़ी, वनांचल क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के समाधान की आस लेकर आए नागरिकों की परेशानियों को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर शीघ्र एवं न्यायसंगत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खाद्य अधिकारी को धान उपार्जन मामलों की जांच कर वास्तविक हितग्राहियों को शीघ्र राहत देने तथा राजस्व अधिकारियों को गिरदावरी एवं रकबा प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर के सर्वमंगला मंदिर समीप स्थित स्नेह सदन में निवासरत वृद्ध श्री पदुम लाल दिकसेना द्वारा संस्थान में अव्यवस्था एवं दुर्व्यवहार संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सहायक कलेक्टर को संस्थान का निरीक्षण कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही उप संचालक, समाज कल्याण विभाग को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करते हुए परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में गढ़ उपरोड़ा पंचायत के ग्राम कदमझेरिया के पीवीटीजी समुदाय के पहाड़ी कोरवा वर्ग के पहारू राम, बिफईया राम और अमृत लाल सहित अन्य ने आजीविका बढ़ाने के लिए बकरी पालन करने हेतु आवेदन किया। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए पशुधन विभाग को प्रेषित कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने और पात्र लाभार्थियों को राहत सुनिश्चित करने निर्देशित किया। कटघोरा विकासखंड के ग्राम जवाली निवासी लकेश्वर प्रसाद ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि दीपका–कटघोरा पहुंच मार्ग पर खोलार नाला के समीप उनकी खसरा नंबर 190/15 भूमि पर प्रशासन द्वारा पुल एवं सड़क का निर्माण किया गया है, लंबे समय बीत जाने के बावजूद उन्हें मुआवजा राशि प्रदान नहीं की गई है।

# एनटीपीसी कोरबा में आईआरएसएम डब्ल्यूआर-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि।

आईआरएसएम डब्ल्यूआर-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मानसरोवर स्टेडियम एनटीपीसी में किया गया। 4 से 8 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कोरबा, सीपत, लारा, गाडरवारा, खरगोन एवं रायपुर की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह की अगुवाई बिभास घटक बिजनेस यूनिट हेड एनटीपीसी कोरबा ने की। इस अवसर पर शत्रुघ्न बेहरा महाप्रबंधक (ओ एंड एम) उपस्थित रहे। इसके अलावा श्रीमती सुभ्रा घटक, अध्यक्ष, मैत्री महिला समिति, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक करमा नृत्य एवं स्कूली बच्चों द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागी टीमों को कोसा वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण टूर्नामेंट लोगो, शुभंकर नंदी एवं विजेता ट्रॉफी का अनावरण रहा, जिसे कार्यकारी निदेशक द्वारा किया गया। नंदी छत्तीसगढ़ के राज्य पशु गौर (भारतीय बाइसन) से प्रेरित है, जो शक्ति, सहनशीलता और संरक्षण का प्रतीक है। इस अवसर पर श्री घटक ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं। इस टूर्नामेंट के माध्यम से हम फिटनेस, निष्पक्ष खेल और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना चाहते हैं। समारोह में सभी टीमों द्वारा मार्च-पास्ट, टीम कप्तानों द्वारा मशाल प्रज्वलन, फेयर प्ले एवं फिटनेस शपथ, तथा गुब्बारे छोड़कर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया गया। पहले मैच से पूर्व तीरंदाजी एवं कलारीपयट्टु की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा खिलाड़ियों में उत्साह और खेल भावना का संचार किया। बीयूएच कोरबा एवं महाप्रबंधक (ओ एंड एम) द्वारा प्रतीकात्मक प्रथम किक-ऑफ किया गया। उद्घाटन मैच कोरबा एवं सीपत के बीच खेला गया, जिसमें कोरबा टीम ने विजय प्राप्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, मैत्री महिला समिति के सदस्य, खेल परिषद, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि, कल्याणकारी संस्थाएं, विभागाध्यक्ष एवं एनटीपीसी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राठौर रॉयल्स ने प्रगति लाइंस को पहले मैच में दिया मात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रगति नगर दीपका के श्रमवीर स्टेडियम में चल रहे दीपका प्रीमियर लीग (डीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए मुकाबले में राठौर रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रगति लाइंस को 58 रनों से हरा दिया।

खेले गए मैच में राठौर रॉयल्स के कप्तान नकुल वर्मा तथा प्रगति लाइंस के कप्तान अमर पाल आमने-सामने थे। टॉस प्रगति लाइंस ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राठौर रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में ताबड़तोड़ खेल दिखाते हुए 184 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रगति लाइंस 20 ओवर में 8 विकेट खोकर सिर्फ 126 रन ही बना सकी। सुबह 10 बजे शुरू हुए इस रोमांचक मुकाबले में राठौर रॉयल्स के खिलाड़ी मनीष राठौर को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया, वहीं बेस्ट बॉलर का पुरस्कार नागेश्वर को मिला। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रोहित राठौर ने कहा कि स्थानीय क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने यह आयोजन सराहनीय है। खिलाडियों को सुशील तिवारी, आनंद राठौर और आशीष सिंह ने पुरस्कार प्रदान किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिले में सर्किट हाउस...

होने के कारण सीएसईबी का विश्राम गृह ही प्रशासन के लिए भी सुविधाजनक रहता है। इनके अलावा एसईसीएल का विश्राम गृह भी शहर में ही मौजूद है। जब कभी जिले में बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं तो जिला प्रशासन के पास भी विश्राम गृह की दरकार पड़ जाती है। काफी पहले जिला प्रशासन के द्वारा सर्किट हाउस बनाए जाने की योजना तैयार की गई और इसके लिए डिंगापुर क्षेत्र में प्रयास स्कूल के पास 4 एकड़ जमीन सर्किट हाउस के लिए आबंटित की गई है किंतु अब तक निर्माण को लेकर कोई कार्ययोजना नहीं बन सकी है।

### तीन माह से...

से वहां होने वाले चावल की अफरा तफरी की भी जानकारी नही हो पाती। जब ग्रामीण अपनी समस्या बता रहे थे तब वहां मौके पर भाजपा नेता अजय कंवर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने इस समस्या से अवगत कराया और दोनों नेताओं को क्षेत्र के जनपद सदस्य का नाम भी बताया। जनदर्शन में ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिलकर इस समस्या से अवगत कराया। भाजपा नेता अजय कंवर ने बताया कि जिला खाद्य अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या से अवगत करा दिया गया है। ग्रामीणों की इस समस्या के लिए जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी।

**शपथ-पत्र**

मैं शैलेन्द्र कुमार तिवारी (SHAILENDRA KUMAR TIWARI), उम्र 41 वर्ष पिता श्री नोमन लाल तिवारी, निवासी-सीनियर एम.आई.जी. 45 नेहरू नगर, जिला-कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवासरत हूँ तथा मेरा आधार क्र. 6341 2845 9620 है।
2. यह कि, मेरे पासपोर्ट (क्र. R8573865) में मेरा नाम शैलेन्द्र तिवारी दर्ज है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं स्कूल के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की अंकसूची प्रमाण पत्रों में मेरा नाम शैलेन्द्र कुमार तिवारी (SHAILENDRA KUMAR TIWARI) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि, उक्त वर्णित दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है।
5. यह कि, मेरे पासपोर्ट में दर्ज किये गये नाम शैलेन्द्र तिवारी को अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज किये नाम के अनुसार शैलेन्द्र कुमार तिवारी में परिवर्तित किया जाना जो कि सही नाम है।
6. यह कि, मेरे पासपोर्ट में पूर्व में पता E1-321 सी.एस.ई.बी. कॉलोनी कोरबा, था। जिसे मेरा स्थाई पता-सीनियर एम.आई.जी. 45 नेहरू नगर, जिला-कोरबा में परिवर्तित किया जाना है।
7. यह कि, यह शपथपत्र मेरे द्वारा उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है। जिसे आवश्यकतानुसार कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**शैलेन्द्र कुमार तिवारी**

# हसदेव नदी पर एक और बरॉज की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- शासन से मिली मंजूरी, लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम से होगी सिंचाई



फाइल फोटो

कोरबा-चांपा मार्ग में ग्राम मड़वारानी के हसदेव नदी पर बैराज बनाने की योजना बनाई गई है। इसकी लागत 250 करोड़ होगी। सोलर सिस्टम से लिफ्ट इरीगेशन के माध्यम से 5 हजार हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। इससे क्षेत्र में पानी की समस्या भी नहीं रहेगी।

जानकारी के अनुसार हसदेव बांगो परियोजना ने मड़वारानी बैराज बनाने का प्रस्ताव भेजा था। इसे राज्य शासन ने बजट में भी शामिल किया है। इसके लिए एशियाई विकास बैंक से फंड ली जाएगी। 10 साल पहले जल संसाधन विभाग ने 19 गांवों में पेयजल की समस्या को देखते हुए एनीकट बनाने का निर्णय लिया था। जिला खनिज न्यास से इसकी मंजूरी भी मिल चुकी थी। परन्तु बाद में इस योजना को ही निरस्त कर दिया गया। इसके बाद राज्य शासन ने इस योजना को बजट में शामिल किया था। बैराज से लिफ्ट इरीगेशन से सिंचाई का सिस्टम से इसका संचालन होगा। इससे बिजली बिल की समस्या भी नहीं होगी। इसके साथ ही खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जमीन अधिग्रहण करने की जरूरत नहीं होगी। कई योजनाएं जमीन नहीं मिलने के कारण आगे नहीं बढ़ पाती है। इस क्षेत्र में भू-जलस्तर भी काफी कमजोर है। जिसके कारण पीएचई ने समूह जलप्रपात योजना से गांवों तक पानी पहुंचाने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र से बांयी तट नहर भी गुजरी है। हसदेव बांगो परियोजना के अधीक्षण अभियंता एसएल द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया की हसदेव नदी पर मड़वारानी बैराज बनाने की मंजूरी मिली है। प्रशासकीय और तकनीकी मंजूरी के लिए प्रयास कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में सिंचाई क्षमता बढ़ जाएगी।

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त कर करें ब्लैक लिस्ट

## कलेक्टर ने ली निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर कुणाल दुदावत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण विभागों की बैठक लेकर प्रगतिरत निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु सभी निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित अन्य निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रगतिरत निर्माण व मरम्मत कार्यो की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए तेजी से प्रगति लाने एवं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माण किये जा रहे अनेक सड़क, स्कूल भवन, कॉलेज भवन सहित अन्य प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में गंभीरता से तेजी लाने एवं समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तार हेतु किए जा रहे निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराने के लिए कहा। कॉलेज व विद्यालय भवन के कार्य को अगले शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ होने से पहले पूर्ण कराने निर्देशित किया। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को अप्रारंभ एवं निविदा स्तर के कार्यों में भी शीघ्रता से कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ कराने की बात कही। साथ ही प्रगतिरत सभी कार्यो में मैन पावर बढ़ाकर कार्य मे तेजी लाने निर्देश दिये। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्र लैंगा में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य में गति लाने के लिए निर्माण स्थल के समीप वीटी प्लांट स्थापित करने निर्देशित किया। श्री दुदावत ने बंजारी महाविद्यालय के लंबित कॉलेज भवन, छात्रावास के निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने एवं मुख्य मार्ग से कॉलेज तक एप्रोच रोड व बाउंड्री वाल निर्माण हेतु डीएमएफ से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### यातायात नियमों को लेकर चलाया गया अभियान

**कोरबा।** रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) की रोकथाम एवं यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संयुक्त अभियान में चौकी प्रभारी सीएसईबी भीमसेन, यातायात सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर, पुलिस चौकी मानिकपुर से सहायक उप निरीक्षक कुलदीप तिवारी, महिला थाना प्रभारी भावना खंडारे, साइबर टीम सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों को महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी गई, मानव तस्करी से बचाव के उपाय समझाए गए तथा सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचने के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना एवं लोगों को सुरक्षित, सतर्क और कानून के प्रति सजग बनाना रहा, जिसे उपस्थित नागरिकों ने सराहा।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**कोरबा।** जिले के ग्राम गंगानगर में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्राम निवासी पंचराम राठौर के निवास स्थान पर संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कथा का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान और भव्य कलश यात्रा के साथ किया जाएगा, जो पूरे ग्राम गंगानगर में निकाली जाएगी। इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में बाहनपाठ, रलिया से पधारे कथा वाचक प्रणव महाराज द्वारा श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराया जाएगा। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, कथा प्रतिदिन निर्धारित समय पर होगी, जिसमें आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा प्रारंभ के अवसर पर निकाली जाने वाली कलश यात्रा में महिलाएं पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर चलेंगी, वहीं पुरुष श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल होंगे। कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिससे पूरा गंगानगर भक्तिमय माहौल में रंग जाएगा। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, वहीं ध्वनि, प्रकाश और बैठने की समुचित व्यवस्था भी की गई है।

### इंटक के नेताओं ने एनटीपीसी परियोजना प्रमुख से की चर्चा



**कोरबा।** एनटीपीसी कोरबा इंटक के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परियोजना प्रमुख बिभास घटक से मुलाकात कर श्रमिक हित से जुड़े कुछ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए ध्यानाकर्षित किया गया। एनटीपीसी कोरबा इंटक के जनरल सेक्रेटरी एनके तिवारी, इंटक कोरबा के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी जेपी पांडे और वर्किंग प्रेसिडेंट इंटक गौरव झा ने यूनियन के सम्मानित सदस्यों के साथ इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख बिभास घटक (एच केओपी कोरबा) और मानव संसाधन प्रमुख को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। बैठक के दौरान कुछ जरूरी मुद्दों और लंबित अपेक्षाओं पर भी चर्चा की गई।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसम्बर को कर दिया गया है। इस संबंध में जिले के विधानसभा रामपुर एवं कटघोरा के ईआरओ द्वारा राजनैतिक दलों की बैठक लेकर जानकारी दी गई। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन हेतु दावा-आपत्तियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। प्राप्त दावों का निराकरण 14 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत प्राप्त साप्ताहिक दावा-आपत्ति की जानकारी सर्वसामान्य के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध कराई जा रही है।

## करतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गनियारी का मामला

# पड़ोसी की पत्नी से बात करना पड़ा महंगा पति ने कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट



घटनास्थल की जांच करती पुलिस की टीम।



पकड़ा गया आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पत्नी से बात करने पर पति ने पड़ोसी को कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। पड़ोसी का आरोपी के घर आना-जाना था। वह आरोपी की पत्नी से बातचीत और हंसी-मजाक करता था। इस बात से नाराज होकर उसने पड़ोसी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

करतला थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में नंदकुमार पटेल (39 वर्ष) पत्नी और दो बच्चे के साथ निवासरत है। जिसका अपने पड़ोसी जय कंवर के घर आना-जाना था। बताया जा रहा है कि नंदकुमार पटेल वह जय कंवर की पत्नी से बातचीत और हंसी-मजाक करता था लेकिन यह बात जयकंवर को पसंद नहीं थी। सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने नंदकुमार पटेल का खून से सना शव देखा। लाश उसके घर से कुछ दूरी पर पड़ोसी जयकंवर के घर के पास बाड़ी में पड़ी हुई थी। नंदकुमार के चेहरे और सिर पर गहरे जख्म थे, जिससे साफ पता चलता है कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही करतला थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई। हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी मौके पर बुलाया। जांच के दौरान स्निफर डॉग बाघा घटनास्थल से सीधे पड़ोसी जयकंवर के घर पहुंच गया। इससे पुलिस को उस पर शक हुआ और उससे पूछताछ शुरू की गई।



मृतक

### मृतक का जूता मुंह में दबाए बाघा हत्यारे के घर पहुंचा

मामले की जांच के लिए डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक टीम और साइबर सेल की विशेष इकाई को बुलाया गया था। डॉग बाघा ने ट्रैकर के साथ घटनास्थल पहुंचकर मृतक नंदकुमार पटेल के आसपास से आरोपी का सुराग तलाशा। मौके पर मृतक का लोवर और जूता पड़ा हुआ था। बाघा ने मृतक का जूता मुंह में दबाया और वहां से सीधे करीब 200 मीटर दूर दौड़ते हुए जय कंवर के घर पहुंचा।

### कुल्हाड़ी से हमला कर ले ली जान

रविवार की रात जब जय कंवर घर लौटा तो उसने पत्नी और नंदकुमार को हंसी-मजाक करते और बातचीत करते देखा। यह बात उसे बुरी लगी और इसी बात को लेकर नंदकुमार पटेल से उसका विवाद हो गया। जयकंवर पड़ोसी नंदकुमार को घर के पास स्थित बाड़ी में ले गया। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस दौरान जय कंवर ने नंदकुमार पटेल की पिटाई शुरु कर दी और उसके सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करने लगा। इस हमले में नंदकुमार को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी जय कंवर शव को वहीं छोड़कर अपने घर चला गया।

### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

-सिद्धार्थ तिवारी, एसपी

# शासकीय निर्माण कार्य में अवरोध और कमीशन मांगने का आरोप, थाने में शिकायत



थाने पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

थाना पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मादन में शासन द्वारा स्वीकृत शासकीय निर्माण कार्य के दौरान बार-बार अवरोध उत्पन्न किए जाने और मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है। इस संबंध में संबंधित सरपंच, उपसरपंच सहित पंच द्वारा थाना प्रभारी पाली को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अंशुल सिंह कंवर जनपद सदस्य, इतवार यादव पंच, छत्रपाल सिंह पैकरा किसान मित्र एवं गणेश टांडिया ग्रामीण द्वारा शासकीय निर्माण कार्य में जानबूझकर बाधा डाली जा रही है। साथ ही कार्य कराने के एवज में शासन से स्वीकृत राशि में से कमीशन की मांग किया जा रहा है। विरोध करने पर डराने-धमकाने की बात भी शिकायत में कही गई है। आवेदक के अनुसार, इस तरह की गतिविधियों से उसे मानसिक एवं आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में इतवार यादव पंच जेल जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि यदि ग्राम पंचायत की महिला जनप्रतिनिधि सरपंच सविता पैकरा एवं उपसरपंच कावेरी पटेल को किसी भी प्रकार की क्षति होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उक्त आरोपित व्यक्तियों की होगी। बताया गया कि इसी दबाव और तनाव के चलते सरपंच सविता पैकरा को उपचार हेतु अस्पताल भी जाना पड़ा था। पीड़ित ने थाना प्रभारी से मांग की है कि आरोपितों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

# ग्राम पंचायत सेमीपाली के सचिव पर लगे आरोप, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले की ग्राम पंचायत सेमीपाली के सचिव पर पद का दुरुपयोग, मनमानी कार्यशैली और बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। सरपंच और समस्त ग्रामवासियों ने संयुक्त रूप से कोरबा कलेक्टर को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर सचिव को तत्काल हटाने और उनके कार्यकाल की संपूर्ण जांच कराने मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि सचिव को तत्काल बर्खास्त किया जाए और उनके पूरे कार्यकाल की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही, शिकायतकर्ताओं ने यह भी मांग की है कि पूर्व अन्य ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी, जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, अतः उन शिकायतों की भी जांच की जाए।

# जनता यूनियन की सर्किल और पश्चिम जनरेशन शाखा का चुनाव सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन कोरबा शाखा के कोरबा वितरण सर्कल तथा कोरबा पश्चिम उत्पादन शाखा की कार्यकारिणी का पुनर्गठन चुनाव समिति द्वारा सर्वसम्मति से कोरबा जिले के सतरेंगा में सभा आयोजित कर पूर्ण किया गया। इस कार्यक्रम में बिलासपुर, रायगढ़, चाम्पा, जांजगीर, अंबिकापुर आदि स्थानों से पधारे प्रांतीय पदाधिकारी की उपस्थिति में चुनाव समिति ने संगठन की आदर्श नियमावली के तहत दोनों कार्यकारिणी का विधिवत चुनाव संपन्न कराया। पांच सदस्यीय चुनाव समिति में यूएस वर्मा (रायगढ़), एजे सिंह (बिलासपुर), अनिल द्विवेदी (कोरबा), एस ए सईद (बिलासपुर) एवं यूके श्रीवास्तव शामिल थे। जबकि निगरानी समिति सदस्य के रूप में प्रांतीय शाखा की ओर से सी के राठौर, टीपी गुप्ता, यतींद्र गुप्ता, उदय राठौर, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, वेदराम निर्मलकर, रितेश नागेश, भीष्म सूर्यवंशी, डी एस दीक्षित, एल एन यादव, राजकुमार अग्रवाल को नियुक्त किया गया। इसके अलावा सर्वसम्मति से कोरबा सर्किल वितरण शाखा के लिए लक्ष्मी प्रसाद यादव सर्किल अध्यक्ष, घनश्याम गबेल सचिव, प्रकाश सिंह राठौर कोषाध्यक्ष, नीलाम्बर शर्मा उपाध्यक्ष, नासिर खान उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र सिंह बैस सह सचिव, कुशल सोनवानी सन्गठन सचिव, दिलेश्वर प्रजापति प्रचार सचिव मनोनीत किये गए।

# सेजस मदनपुर में दी गई यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कार्यक्रम में उपस्थित यातायात पुलिस व छात्र छात्राएं।

स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के प्रांगण में यातायात विभाग कोरबा के द्वारा जनजागरूकता अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं नियमों की जानकारी में सहायक निरीक्षक रामनारायण रात्रे और ईश्वरी प्रसाद लहरे मुख्य वक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ व्याख्याता पुष्पक साहू ने किया। व्याख्याता विनोद जायसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य को समझाया। कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू, सितारा अग्रवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। रामनारायण रात्रे ने बताया कि सड़क दुर्घटना से मृत्यु का प्रतिशत सबसे अधिक है। इतनी मौत तो वर्ष भर में नक्सली हमले से भी नही होती। अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट, नियंत्रित गति से वाहन चालन, नशे की स्थिति में वाहनों का प्रयोग न करने और ड्राइविंग के समय मोबाइल प्रयोग से दूर रहकर हम अपने और अन्य लोगो को आकस्मिक दुर्घटना से बचा सकते है। ईश्वरी प्रसाद लहरी सहायक निरीक्षक ने अवयस्क बच्चो को वाहन से स्कूल आने पर मना करते हुए लायसेंस प्रकिया को समझाया। पुष्पक साहू ने गाड़ियों के अंदर तेज ध्वनि से दुर्घटनाओं की आशंका जाहिर की। अंत मे उपस्थित विद्यार्थी और नवीन पाठ्यपुस्तक ट्रेनिंग में आये हुए शिक्षको ने यातायात नियमो के पालन की शपथ ली। कार्यक्रम में बी आर सी रामगोपाल जायसवाल, सीएसी जीवन सिंह मरकाम, प्रशिक्षण प्रभारी अनिल जगत, रवि चंद्रा, मास्टर ट्रेनर निर्मल पटेल, पुष्पलता भार्गव, श्रद्धा शर्मा, अर्चना किंडो, यातायात विभाग से लखन कौरव, राकेश साहू, रघुवीर प्रताप सिंह, संतोष देवांगन, देवेन्द्र मरावी, कृष्णा भारद्वाज, जयप्रकाश यादव, राजेन्द्र पटेल, चंद्रप्रताप कोराम, 19 संकुल के शिक्षक शिक्षिकाएं, सेजस मदनपुर के स्टाफ सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# आध्यात्मिक ऊर्जा पार्क में नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी आध्यात्मिक उर्जा पार्क में नववर्ष के शुभ अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नववर्ष का स्वागत आपसी प्रेम, सौहार्द और आत्मिक ऊर्जा के साथ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति, दीप प्रज्वलन एवं मधुर गीतों के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी ने नववर्ष को सकारात्मक सोच, श्रेष्ठ संकल्प और आत्मिक उन्नति के साथ प्रारंभ करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर एसईसीएल बलगी एरिया सब एरिया मैनेजर मेश्राम ने कहा कि नववर्ष स्नेह मिलन जैसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा की अत्यंत आवश्यकता है, जिसे ब्रह्माकुमारी संस्था राजयोग ध्यान के माध्यम से सहज रूप से प्रदान कर रही है। उन्होंने आत्मिक ऊर्जा पार्क को शांति और प्रेरणा का केंद्र बताते हुए संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की तथा सभी को नववर्ष में श्रेष्ठ विचार, श्रेष्ठ व्यवहार और श्रेष्ठ कर्म अपनाने का संदेश दिया। बी.के. बिंदु दीदी ने अपने संदेश में कहा कि सच्चा नववर्ष तब मनाया जाता है जब हम अपने मन से नकारात्मक विचारों को छोड़कर सकारात्मकता को अपनाते हैं। राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मिक शक्ति को जागृत कर हम अपने जीवन को तनावमुक्त और आनंदमय बना सकते हैं। उन्होंने सभी को प्रतिदिन कुछ समय आत्मचिंतन और ध्यान के लिए निकालने की प्रेरणा दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
4 फरवरी 2026
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)